पत्रांक–9A/विविध (पत्र) 07–18/2025–....................(9A)/रा0,

# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

प्रेषक,

जय सिंह,
सचिव।

सेवा में,

ई–मेल

सभी समाहर्त्ता,
बिहार।

पटना–15, दिनांक–..............................

**विषय :– भूमि सुधार उप समाहर्ता (DCLR), अंचलाधिकारी (CO) एवं राजस्व अधिकारी (RO) के आधिकारिक CUG मोबाइल नंबर को सक्रिय रखने तथा उस पर WhatsApp इंस्टॉल करने के संबंध में।**

महाशय

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा पूर्व में कई बार यह स्पष्ट निर्देश दिया जा चुका है कि सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता (DCLR), अंचल अधिकारी (CO) और राजस्व अधिकारी (RO) अपने–अपने आधिकारिक CUG (Closed User Group) मोबाइल नंबर को अनिवार्य रूप से 24x7 सक्रिय (Active) रखेंगे।

परंतु, अत्यंत खेद के साथ यह संज्ञान में लाया जा रहा है कि बार–बार दिए गए निर्देशों के बावजूद, कई जिलों में DCLR, CO और RO के CUG मोबाइल नंबर प्रायः बंद पाए जाते हैं या उनके द्वारा कॉल रिसिव नहीं किया जाता है। इसके अतिरिक्त, यह भी देखा गया है कि कई अधिकारियों ने अपने आधिकारिक CUG नंबर पर 'WhatsApp' इंस्टॉल नहीं किया है।

वर्तमान समय में त्वरित संवाद, महत्वपूर्ण विभागीय सूचनाओं के आदान–प्रदान और शासकीय दस्तावेजों को तत्काल साझा करने के लिए CUG नंबर पर WhatsApp का चालू होना अत्यंत आवश्यक है। अधिकारियों की इस प्रकार की लापरवाही से न केवल विभागीय कार्यों के सुचारू संचालन में बाधा उत्पन्न होती है, बल्कि आम नागरिकों को भी भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

अतः अनुरोध है कि इन निर्देशों का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु सभी संबंधित को निदेशित किया जाए। यदि किसी अधिकारी का CUG नंबर बंद पाया जाता है या उस पर WhatsApp सक्रिय नहीं मिलता है, तो इसे कार्य के प्रति घोर लापरवाही मानते हुए संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ की जाए।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

विश्वासभाजन

ह०/–
(जय सिंह),
सचिव।

ज्ञापांकः–9A/विविध (पत्र) 07–18/2025–1533 (9A)/रा0, पटना–15, दिनांक 12/06/2026

ई-मेल

प्रतिलिपिः– सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार/सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बिहार/सभी अंचल अधिकारी, बिहार/सभी राजस्व अधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(जय सिंह),
सचिव। 12/06/26

E:\2026\9A\Letter_2026.docx